भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE
राजस्व विभाग DEPARTMENT OF REVENUE
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड
CENTRAL BOARD OF INDIRECT TAXES AND CUSTOMS
प्रधान आयुक्त का कार्यालय
OFFICE OF THE PRINCIPAL COMMISSIONER
केन्द्रीय कर एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
CENTRAL TAX & CENTRAL EXCISE
केन्द्रीय राजस्व भवन, CENTRAL REVENUE BUILDING
आई. एस. प्रेस रोड, कोच्चि, I.S. PRESS ROAD, KOCHI-682 018

E-mail: cccochin@nic.in Fax: 0484-2390608 Phone: 0484-2397885

दिनांक Date 14.09.2020

संदेश

प्रिय साथियों !

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !

भारतीय संघ ने 14.09.1949 को हिन्दी को राजभाषा के रूप में अपनाया था और उसके बाद से 14 सितंबर को **"हिन्दी दिवस"** के रूप में मनाया जाता है । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारा आयुक्तालय केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (लेखा परीक्षा) आयुक्तालय, कोच्चि के साथ 14 सितंबर से 25 सितंबर, 2020 तक संयुक्त हिन्दी पखवाड़ा समारोह मनायेगा ।

हिन्दी की प्रगति के लिए सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि आप अपने-अपने कार्यालय कार्य जैसे टिप्पणी और मसौदा, पत्राचार, बिल तथा रजिस्टरों में प्रविष्टि आदि कार्यों को जितना हो सके हिन्दी भाषा के माध्यम से निपटाने का प्रयास करें । राजभाषा अधिनियम 1963 का विशेष ध्यान रखें और राजभाषा नियम 1976 के विभिन्न नियमों का अवश्य पालन करें । हमारी राजभाषा हिन्दी का प्रचार और प्रसार करना हम सबका दायित्व है । सभी केंद्र सरकार के अधिकारियों को राजभाषा हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान होना अनिवार्य है और हमारे कार्यालय में इस विषय में काफी प्रगति देखी गई है ।

इसके अलावा हिन्दी पखवाड़ा समारोह में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में ऑनलाइन माध्यम से भाग लें और अपने सह-कर्मियों को भी इस प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से पुनः हार्दिक शुभकामनाएं ॥ स्वास्थ्य बनाए रखें ॥ धन्यवाद ॥

उदय भास्कर

के. आर. उदय भास्कर
प्रधान आयुक्त